भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 119

उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025

सोमवार, 14 माघ 1946 (शक)

कौशल विकास प्रशिक्षण में एआई का उपयोग

119. सुश्री एस. जोतिमणि:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को शामिल किया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) तमिलनाडु में करूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पीएमकेवीवाई की स्थापना के बाद से पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं की कुल संख्या कितनी है;

(घ) पीएमकेवीवाई के तहत प्रशिक्षित महिलाओं की कुल संख्या कितनी है और पुरुषों की तुलना में उनका कुल प्रतिशत क्या है; और

(ड.) पिछले पांच वर्षों के दौरान पीएमकेवीवाई के तहत प्रशिक्षित उन युवाओं की कुल संख्या कितनी है जो बाद में उक्त राज्य और निर्वाचन क्षेत्र में नियोजित हुए?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) वर्ष 2015 से अपनी प्रमुख योजना प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) को कार्यान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य तमिलनाडु सहित देश भर के युवाओं को लघु अवधि प्रशिक्षण (एसटीटी) के माध्यम से कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करना तथा पूर्व शिक्षा की मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से कौशल उन्नयन एवं पुनः कौशल प्रदान करना है, जिसका उद्देश्य युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उद्योग प्रासंगिक कौशल युक्त करके रोजगार के अवसरों तक पहुँचने के लिए उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है।

वर्ष 2022 से कार्यान्वित योजना के नवीनतम संस्करण पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत 31.12.2024 तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संबंधित जॉब रोलों में दिए गए प्रशिक्षणों का विवरण निम्नानुसार है:

जॉब रोल का नाम	**प्रशिक्षित / उन्मुख**
एआई- बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट	1,245
एआई - डेटा आर्किटेक्ट	575
एआई - डेटा इंजीनियर	997
एआई - डेटा क्वालिटी एनालिस्ट	3,888
एआई - डेटा साइंटिस्ट	3,450
एआई - डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर	5,329
एआई - डेव-ओप्स इंजीनियर	651
एआई - मशीन लर्निंग इंजीनियर	2,884
एआई - सॉल्यूशन आर्किटेक्ट	241
एआई और मल - जूनियर टेलीकॉम डेटा एनालिस्ट	254
एआई डिवाइस इंस्टॉलेशन ऑपरेटर	165
फार्माकोविजिलेंस केस- प्रोसेसिंग (एआई टूल सहित सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके घटनाएँ / प्रतिकूल घटना)	95
योग	**19,774**

(ग) पीएमकेवीवाई योजना के तहत, कुशल उम्मीदवारों का जिलावार विवरण रखा जाता है। तदनुसार, तमिलनाडु के डिंडीगुल, करूर, पुदुकोट्टई और तिरुचिरापल्ली जैसे 4 जिलों वाले करूर संसदीय क्षेत्र में पीएमकेवीवाई योजना के तहत शुरू से लेकर अब तक प्रशिक्षित/उन्मुख उम्मीदवारों की कुल संख्या 31.12.2024 तक 91,296 है।

(घ) पीएमकेवीवाई योजना के तहत, देश भर में प्रशिक्षित महिलाओं की कुल संख्या 72,37,043 है, जो प्रशिक्षित कुल उम्मीदवारों का 45% है।

(ङ) पीएमकेवीवाई योजना के तहत, योजना के पहले तीन संस्करणों में शॉर्ट-टर्म ट्रेनिंग (एसटीटी) घटक में प्लेसमेंट को ट्रैक किया गया था, जो कि पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 है, जिन्हें वित्त वर्ष 2015-16 से वित्त वर्ष 2021-22 तक लागू किया गया। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, हमारे प्रशिक्षित उम्मीदवारों को उनके विविध कैरियर पथ चुनने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और उन्हें इसके लिए उपयुक्त रूप से उन्मुख किया गया था। इसके अलावा, स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) जैसे विभिन्न आईटी उपकरण भी यह अवसर प्रदान करते हैं।

वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2023-24 तक, पीएमकेवीवाई योजना के तहत, 31.12.2024 तक तमिलनाडु में कुल 3,29,107 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित/उन्मुख किया गया है। जिनमें से, पीएमकेवीवाई के पहले तीन संस्करणों के दौरान 45,455 को नौकरी मिल चुकी है।

इसके अलावा, वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2023-24 तक, पीएमकेवीवाई योजना के तहत, 31.12.2024 तक तमिलनाडु के 4 जिलों अर्थात डिंडीगुल, करूर, पुदुकोट्टई और तिरुचिरापल्ली वाले करूर संसदीय क्षेत्र में कुल 33,916 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित/उन्मुख किया गया है। इनमें से 4,845 को पीएमकेवीवाई के पहले तीन संस्करणों के दौरान नियुक्त किया गया है।

*****